दल गठित : हिरन नदी भूमि की होगी जांच

जिला व्यापारी संघ सीधी अध्यक्ष ने हिरन नदी को अतिक्रमण मुक्त कराने कलेक्टर को लिखा पत्र, कलेक्टर के निर्देश पर चार सदस्यीय दल गठित

हिरन नदी बचाओ अभियान मुहिम नवभारत

सीधी 6 जून। हिरन नदी भूमि की जांच के लिये दल गठित हो चुका है। जिला व्यापारी संघ सीधी अध्यक्ष ने हिरन नदी को अतिक्रमण मुक्त कराने कलेक्टर को पत्र लिखा था। कलेक्टर के निर्देश पर चार सदस्यीय दल गठित किया गया है।

जिला शहरी विकास अभिकरण जिला सीधी की ओर से अपर कलेक्टर द्वारा जारी पत्र क्रमांक 122/डूडा/2026 दिनांक 4 जून 2026 में हिरन नदी के भूमि एवं अतिक्रमण की जांच के लिये 4 सदस्यीय दल गठित किया गया है। जांच दल में उपखण्ड अधिकारी गोपदबनास सीधी, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन क्रमांक 01 जिला सीधी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीधी एवं तहसीलदार गोपदबनास सीधी को शामिल किया गया है। पत्र में कहा गया है कि जिला व्यापारी संघ सीधी के अध्यक्ष लालचंद गुप्ता

द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर कहा गया है कि दशकों पूर्व हिरन नदी सीधी शहर की जीवनदायिनी नदी रही है, जो करीब 60-70 फिट चौड़ी थी। दिनोंदिन अतिक्रमणकारियों के चलते नदी सिकुड़ कर नाला में तब्दील हो गई है। शासन के जल गंगा संवधन अभियान के तहत हिरन नदी को पुनर्जीवित करने म.प्र. शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा नदी के उद्गम स्थल जोरा पहरी में पूजा कर स्थानीय प्रशासन को हिरन नदी को सीधी शहर में अतिक्रमण मुक्त करने हेतु निर्देशित किया गया था। म.प्र. शासन के राजपत्र दिनांक 31 मार्च 2023 के क्रमांक 6.6 संवेदनशील क्षेत्रों हेतु नियमन संख्या 2 सूखा एवं हिरन नदी तथा तालाब के किनारे न्यूनतम 16 मीटर क्षेत्र खुल रखने का उल्लंघन कर भवन निर्माण किया गया है। संयुक्त टीम को वस्तुस्थिति का परीक्षण कर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं।

जांच दल की जांच में नए अतिक्रमण भी होंगे शामिल

जांच दल की जांच में शहर के नये अतिक्रमणों की भी जांच को शामिल किया गया है। जल संसाधन क्रमांक 01 द्वारा हिरन एनीकेट नहर निर्माण में ग्राम कोतरकला डैनिहा की अर्जित भूमि चकदही बांध कोटहा नगर एवं सीधी कला की अधिग्रहित भूमि को जिला प्रतिकर म.प्र. शासन द्वारा भुगतान किया जा चुका है। जिसे म.प्र. शासन के स्वामित्व में दर्ज कराये जाने की शिकायत की गई है। इनका निराकरण भी किया जाना है।

नदी की निर्धारित सीमा में बिना अनुमति के बने भवनों पर होगी कार्यवाही

नदी की निर्धारित सीमा में बने भवनों पर भी संयुक्त जांच दल को कार्यवाही सुनिश्चित करना है। नदी के अतिक्रमणों को लेकर उच्च न्यायालय जबलपुर में डब्ल्यूपी नं.18088/2025 जनहित याचिका दायर है। जिसमें बिना अनुमति नदी के निर्धारित सीमा में बिना अनुमति के बनाये गये भवनों पर कार्यवाही की मांग की गई है। संयुक्त जांच दल द्वारा इस पर भी कार्यवाही की जायेगी।

हिरन नदी का अस्तित्व बचाने सार्थक प्रयास की दरकार : लालचंद

जिला व्यापारी संघ सीधी अध्यक्ष लालचंद गुप्ता ने कहा कि सीधी शहर की जीवनदायिनी हिरन नदी भू-माफियाओं एवं अतिक्रमणकारियों के चलते अपना अस्तित्व खो रही थी। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत हिरन नदी को अतिक्रमण मुक्त करा पुनर्जीवित करने नवभारत द्वारा चलाए जा रहे हिरन नदी बचाओ अभियान की पहल को सफल बनाने मेरे द्वारा गत दिनों कलेक्टर सीधी विकास मिश्रा से मुलाकात कर तथ्य एवं प्रमाण सहित पत्र लिखकर हिरन नदी को अतिक्रमण मुक्त करा सौंदर्यीकरण कराने एवं हिरन एनीकेट के लिए अधिग्रहित भूमि को म.प्र. शासन के स्वामित्व में कराने की मांग की गई थी। जिसे कलेक्टर द्वारा गंभीरता से लेते हुए स्वयं स्थल का निरीक्षण कर जांच दल गठित किया गया। मेरा कहना है कि गठित जांच दल द्वारा निष्पक्ष जांच कर प्रशासन को हिरन नदी का अस्तित्व बचाने सार्थक प्रयास किया जाना चाहिए।

गुलाब सागर मल्टी विलेज के निर्माण कार्यों का कलेक्टर ने लिया जायजा

परियोजना में तेजी लाने के कलेक्टर के निर्देश

नवभारत न्यूज

सीधी 6 जून। जिले की महत्वाकांक्षी गुलाब सागर मल्टी विलेज वाटर सप्लाई (एमवीएस) परियोजना के निर्माण कार्यों का कलेक्टर विकास मिश्रा निर्माणाधीन इंटेक वेल पहुंचकर जायजा लिया। कलेक्टर ने परियोजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्यों में और अधिक गति लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि यह परियोजना जिले के लाखों ग्रामीणों की जीवन रेखा बनने जा रही है इसलिए सभी कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्माणाधीन इंटेक वेल, जल परिवहन व्यवस्था तथा अन्य संरचनाओं का अवलोकन कर प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने तथा शेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि दिसम्बर 2026 तक परियोजना पूर्ण होने के उपरांत 1 जनवरी 2027 से सीधी विकासखंड के 92 ग्राम, मझौली के 100 ग्राम तथा कुसमी विकासखंड के सभी 131 ग्रामों सहित कुल 323 ग्रामों के 51067 परिवारों को हर घर नल से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। परियोजना के तहत खड्डी में निर्माणाधीन इंटेक वेल से प्रतिदिन 5.47 करोड़ लीटर जल प्राप्त कर गजरी में निर्माणाधीन फिल्टर प्लांट तक पहुंचाया जाएगा। जल शोधन के बाद प्रतिदिन 4.33 करोड़ लीटर शुद्ध पेयजल सीधी एवं धौंहनी विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण परिवारों तक पहुंचाया जाएगा। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। परियोजना पूर्ण होने के बाद सैकड़ों गांवों के हजारों परिवारों को नियमित और गुणवत्ता युक्त पेयजल सुविधा मिलेगी, जिससे उनके जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आएगा। निरीक्षण के दौरान एसडीएम चुरहट विकास आनंद, म.प्र. जल निगम के महाप्रबंधक नीरव अग्रवाल, उप महाप्रबंधक धीरेंद्र शर्मा, मेसर्स कल्पतरु के प्रतिनिधि तथा संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

पिपरांव में आयोजित हुआ अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट का नि:शुल्क नेत्र शिविर

134 मरीजों की हुई जांच, बांटे गए चश्मे और आई ड्रॉप

नवभारत न्यूज

सीधी 6 जुलाई। अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट सीधी के सीएसआर विभाग द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत ग्राम पिपरांव में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर रेडक्रॉस सोसाइटी एवं संजय गांधी अस्पताल रीवा के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

शिविर में कुल 134 मरीजों की आंखों की जांच की गई तथा उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। साथ ही मरीजों का रक्तचाप बीपी एवं वजन परीक्षण भी किया गया। जांच उपरांत जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क आई ड्रॉप एवं चश्मों का वितरण किया गया तथा आंखों की सुरक्षा एवं देखभाल संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं। कार्यक्रम का आयोजन इकाई प्रमुख विनीत भटनागर, मानव संसाधन विभाग प्रमुख अभिषेक शर्मा एवं प्रशासनिक विभाग प्रमुख दिनेश शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर के सफल संचालन में सीएसआर मैनेजर पार्थ सारथी मंडल एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस शिविर में संजय गांधी अस्पताल रीवा के अनुभवी नेत्र विशेषज्ञों एवं उनकी टीम ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में गांव के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की उल्लेखनीय सहभागिता देखने को मिली।

खड़ौरा में विश्व पर्यावरण दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन

नवभारत न्यूज

सीधी 6 जून। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खड़ौरा में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में चित्रकला प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, पौधारोपण एवं सामूहिक गीत का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छोटे-बड़े छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, जल संरक्षण एवं स्वच्छता विषयों पर सुंदर चित्र एवं रंगोलियां बनाकर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। पौधारोपण के माध्यम से हरित भविष्य का संकल्प लिया गया तथा सामूहिक गीत के माध्यम से पर्यावरण जागरूकता का संदेश प्रसारित किया गया। इस कार्यक्रम के सपुल आयोजन में शा.उच्च. माध्य.विद्यालय खड़ौरा के छात्र राजधर सिंह गहरवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। राजधर सिंह वर्तमान में विद्यालय की कक्षा 12वीं के छात्र हैं तथा छात्र सांसद के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन डॉ.प्रवेश गुप्ता सदस्य रेडक्रास सोसायटी, दिवाकर सिंह चौहान सहसंयोजक क्रीड़ा भारती जिला सीधी, अनिल सिंह क्रीड़ा केन्द्र प्रमुख कठास, जनशिक्षक छत्रमणि प्रसाद पाण्डेय, कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं सहयोगकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

11 दिवसीय समर कैम्प का उल्लासपूर्ण समापन

नवभारत न्यूज

सीधी 6 जून। जनपद शिक्षा केन्द्र मझौली द्वारा शासकीय मॉडल उ.मा.वि. मझौली में आयोजित 11 दिवसीय समर कैम्प का शनिवार को उत्साह, उमंग और उपलब्धियों के साथ समापन हुआ।

27 मई से 6 जून तक चले इस शिविर में नगर परिषद क्षेत्र की 8 शालाओं के 61 विद्यार्थियों ने सहभागिता करते हुए खेल, कला, संस्कृति और शैक्षणिक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि नगर परिषद मझौली के अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता रहे। कार्यक्रम में समाजसेवी रजनीश कुमार गुप्ता एवं बीईओ शैलेंद्र सिंह चौहान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य शासकीय मॉडल उ.मा.वि. मझौली श्रीमती इंद्रा कचेर ने की। बीआरसी अयोध्या प्रसाद पटेल ने बताया कि शिविर के दौरान योग, व्यायाम, बैडमिंटन, कैरम, शतरंज, रस्सीकूद और रिंगवाल जैसी खेल गतिविधियों के साथ चित्रकला, रंगोली, गीत, श्लोक, आदर्श वचन, अंताक्षरी, प्रश्न मंच एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

वृद्धजनों के बीच पहुंचीं विधायक, आत्मीय संवाद कर जाना हालचाल

नवभारत न्यूज

सीधी 6 जून। विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक ने शुक्रवार को पनवार स्थित सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्ति करण विभाग द्वारा संचालित कैलाश स्वर्ण वृद्धाश्रम का भ्रमण कर वहां निवासरत वृद्ध जनों से आत्मीय संवाद किया।

उन्होंने वृद्धजनों का हालचाल जाना तथा आश्रम में उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सत्या सरोवर समाज सेवा संस्थान द्वारा बनाई गई आकर्षक रंगोली का विधायक ने अवलोकन कर उसकी सराहना की। इसके पश्चात उन्होंने वृद्धाश्रम भवन का निरीक्षण करते हुए आश्रम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विधायक ने आश्रम संचालक एवं प्रबंधन को निर्देशित किया कि वृद्धजनों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाए तथा साफ-सफाई, गुणवत्तापूर्ण भोजन और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विधायक श्रीमती पाठक ने वृद्धजनों के साथ समय बिताते हुए उनकी आवश्यकताओं, सुझावों एवं समस्याओं को भी सुना। भ्रमण के दौरान उपस्थित एसडीएम राकेश शुक्ला ने भी आश्रम की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। इस दौरान विश्वबंधुधर द्विवेदी, पंकज पाण्डेय, पुष्पराज सिंह सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक श्रीमती पाठक आश्रम परिसर में आयोजित श्रावी गुप्ता पिता मनीष गुप्ता रामा मेडिकल स्टोर, जोगीपहाड़ी के जन्मदिवस कार्यक्रम में भी शामिल हुईं।

पेपर लीक कांड पर एनएसयूआई ने कॉलेज प्रशासन को घेरा, एफआईआर की मांग

नवभारत न्यूज

सीधी 6 जून। शासकीय स्वशासी संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सामने आए पेपर लीक प्रकरण को लेकर आज एनएसयूआई ने जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।

एनएसयूआई के प्रदेश सचिव विक्रांत सिंह परिहार के नेतृत्व में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने कॉलेज परिसर पहुंचकर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा और पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच, दोषियों पर एफआईआर तथा कठोर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि 3 जून 2026 को आयोजित बीए एवं बीकॉम तृतीय वर्ष की इंग्लिश लैंग्वेज एवं कम्युनिकेशन स्किल विषय की परीक्षा का प्रश्नपत्र परीक्षा से पहले सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। जिसके बाद परीक्षा निरस्त करनी पड़ी। छात्रों का कहना है कि यह केवल पेपर लीक नहीं बल्कि शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर हमला है। एनएसयूआई प्रदेश सचिव विक्रांत सिंह परिहार ने कहा कि स्वशासी प्रकोष्ठ की जांच में यह तथ्य सामने आया है कि संबंधित प्रश्नपत्र से जुड़ी सामग्री कामर्श होरिजोन नामक यूट्यूब चैनल पर पहले से उपलब्ध थी। ऐसे में प्रश्नपत्र तैयार करने वाले और इस पूरी प्रक्रिया में शामिल लोगों की भूमिका संदिग्ध है। उन्होंने मांग की कि दोषियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों को सख्त सजा दी जाए। विक्रांत परिहार ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 7 दिनों के भीतर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई और दोषियों पर एफआईआर दर्ज नहीं की गई, तो एनएसयूआई व्यापक छात्र आंदोलन छेड़ेगी जिसकी पूरी जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी। वहीं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रभाकर सिंह ने कहा कि प्रश्नपत्र लीक होने की जानकारी मिलने के बाद संबंधित परीक्षा को तत्काल निरस्त कर दिया गया था। मामले की सूचना वरिष्ठ कार्यालय को भेज दी गई है और जांच प्रक्रिया जारी है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

प्रदर्शन में प्रमुख रूप से दिग्विजय सिंह, शुभम सिंह, अंकुर सिंह, सुधाकर सिंह, अभिमन्यु सिंह, ऋतिक तिवारी, आर्यन सिंह, ओम सिंह, निर्मल सिंह, रोशन सिंह, गगन सिंह, प्रदीप सिंह, रुद्रांश सिंह, शुभम दुबे, आकाश तिवारी, अमित सिंह, देवेश त्रिपाठी, आदर्श तिवारी, अभय शुक्ला, सचिन सोनी, शनि सोनी, अजय साकेत, विपुल पटेल, सत्यम तिवारी, साक्षी सिंह, प्रिया पाण्डेय, रिया यादव, प्रतिभा सिंह एवं अनामिका पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एनएसयूआई साथी उपस्थित रहे।

अपाक्स की बैठक बहरी में आयोजित, बहरी इकाई का विस्तार

नवभारत न्यूज

सीधी 6 जून। अपाक्स अधिकारी कर्मचारी संगठन की तहसील स्तरीय बैठक गत दिवस साड़ा भवन बहरी में आयोजित की गई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि संगठन के जिलाध्यक्ष श्रीराम सोनी रहे।

विशिष्ट अतिथि में वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष रामसुशील यादव, जिला उपाध्यक्ष शिव जायसवाल, जिला संयुक्त सचिव बंशलाल प्रजापति, जिला संगठन सचिव देवेश पटेल एवं सीधी ब्लाक अध्यक्ष हीरालाल साहू रहे। बैठक की अध्यक्षता बहरी तहसील अध्यक्ष पुरुषोत्तम जायसवाल द्वारा की गई एवं संचालन बहरी तहसील के प्रभारी जिला संगठन सचिव मन्नालाल साहू द्वारा किया गया। बैठक के दौरान सर्वसम्मत से जिलाध्यक्ष श्रीराम सोनी द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए तहसील इकाई बहरी में सुखलाल साहू प्राथमिक शिक्षक को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पुरुषोत्तम साहू प्रयोगशाला शिक्षक को संगठन सचिव एवं अजय कोल प्राथमिक शिक्षक को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से रमेश कुमार जायसवाल, रामाश्रय जायसवाल, शंभू प्रसाद प्रजापति आदि अपाक्स वर्ग के काफी संख्या अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

कौशल विकास और महिला स्वावलंबन आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव : डॉ .राजेश

सांसद डॉ .राजेश मिश्रा ने आरसेटी में प्रशिक्षणार्थियों से किया संवाद

नवभारत न्यूज

सीधी 6 जून। यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) सीधी में संचालित सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं एवं महिलाओं के लिए शनिवार का दिन विशेष रहा, जब सांसद डॉ. राजेश मिश्रा संस्थान पहुंचे और प्रशिक्षणार्थियों से सीधे संवाद किया।

उन्होंने प्रशिक्षण कक्षों में जाकर प्रशिक्षण की गतिविधियों का अवलोकन किया तथा प्रतिभागियों द्वारा सीखे जा रहे कौशल और तैयार किए गए कार्यों की सराहना की। सांसद डॉ.मिश्रा ने कहा कि आज के दौर में कौशल आधारित प्रशिक्षण रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। विशेष रूप से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में सिलाई, ब्यूटी पार्लर एवं अन्य कौशल विकास प्रशिक्षण महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं अपने कौशल के बल पर आय अर्जित करती हैं तो न केवल उनका परिवार सशक्त होता है बल्कि समाज और देश की प्रगति को भी नई दिशा मिलती है।

प्रशिक्षणार्थियों से चर्चा के दौरान सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने उन्हें शासन की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद बैंक ऋण एवं सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर स्वयं का व्यवसाय स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं और महिलाओं से अपने कौशल को आजीविका में बदलने तथा रोजगार मांगने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले बनने का आह्वान किया। सांसद डॉ.मिश्रा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं और युवाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कौशल विकास कार्यक्रम अत्यंत प्रभावी माध्यम हैं। ऐसे प्रशिक्षण आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ सम्मानजनक आजीविका के अवसर भी उपलब्ध कराते हैं।

कार्यक्रम में लीड जिला प्रबंधक (एलडीएम) अवध बिहारी चौधरी, जिला परियोजना प्रबंधक आजीविका मिशन पुष्पेन्द्र सिंह, विभिन्न विकासखंडों के आजीविका मिशन प्रबंधक, आरसेटी के अधिकारी-कर्मचारी तथा अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। अंत में आरसेटी के निदेशक शिवेन्द्र कुमार चौधरी ने अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया।

विश्व पर्यावरण दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन

सीधी 6 जून। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत के तत्वाधान में शासकीय शास्त्री कन्या महाविद्यालय सीधी में विचार गोष्ठी एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं युवाओं में पर्यावरण संरक्षणए प्रकृति संवर्धन तथा हरित भविष्य के प्रति जागरूकता विकसित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.नामदेव उपस्थित रहे। आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने जल संरक्षण, वृक्षारोपण, जैव विविधता के संरक्षण तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का समापन हरित, स्वच्छ एवं पर्यावरण-सुरक्षित भारत के निर्माण के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता के साथ किया गया।